FORM NO. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी खाजूवाला मुकाम खाजूवाला

मनोहरलाल बनाम इन्द्राज वगैरह

किस्म मुकदमा :—प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251 ए आर.टी.एक्ट

मु.नं. एवं सन 130/2022

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस तामील में जारी हुए
20-07-2023	पत्रावली पेश हुई। पत्रावली का अध्ययन अवलोकन किया गया। प्रार्थनापत्र का संक्षित सार इसप्रकार से है कि प्रार्थी के नाम से तहसील खाजूवाला का चक 2 डीडब्ल्युडी मु0नं0 129/57 की 19.00 बीघा भूमि खातेदारी है जो कि उक्त रकबा के लिए कटानशुदा रास्ता ने होने के कारण इसी चक के मु0नं0 149/1 व 149/2 के किला नं0 1,10,11,20,21 में गैर मुमकिन रास्ता दर्ज करवाना चाहते है। तहसीलदार खाजूवाला की रिपोर्ट पत्रांक/त.खा./रीडर/23/344 दिनांक 03.03.23 अनुसार मु0नं0 129/57 में कटानशुदा रास्ता नहीं है लेकिन मुताबिक रिकॉर्ड के अनुसार उक्त मु0नं0 के उतर दिशा में चक 1 एसएचडब्ल्युएम के मु0नं0 128/64 के किला नं0 21 ता 25 में 2—2 बिस्वा व किला नं0 1,10,11,20,21 में भी 2—2 बिस्वा भूमि में कटानशुदा रास्ता दर्ज रिकॉर्ड है। उक्त दोनों कटानशुदा रास्ते मु0नं0 129/57 की सीमा को स्पर्श करते है। इसप्रकार प्रार्थी को अपने खेत में आवागमन के लिए रास्ता उपलब्ध है। अतः यह प्रार्थनापत्र सारहीन होने के कारण खारिज किया जाता है। आदेश आज सरे इजलास सुनाया गया। पत्रावली फैसलशुमार होकर दाखिलदफ्तर हो।	